# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE) 2016 बाबत् सूचना

क्रमांक : सैल–8 / एस.टी.एस.ई. / 2016 / 45 दिनांक 04.09..2016

1. राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STATE TALENT SEARCH EXAMINATION) 2016 का **आयोजन रविवार, दिनांक 27.11.2016 को प्रात : 09.00 बजे से 1.00 बजे तक** राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। **इस परीक्षा के निर्देश, नियम एवं पाठ्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।**
2. इस परीक्षा में राजस्थान के सभी मान्यता प्राप्त (केन्द्रीय, पब्लिक, नवोदय, कॉन्वेट, निजी, सरकारी, अर्द्धसरकारी, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मॉडल स्कूल सहित) विद्यालयों के सत्र 2016–17 में कक्षा 10 एवं 12 में नियमित रूप से अध्ययनरत वे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 9 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो वे कक्षा 10 वीं स्तर की परीक्षा में तथा ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 11 वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो वे कक्षा 12 वीं स्तर की उक्त परीक्षा में प्रवेश योग्य होंगे।
3. उक्त परीक्षा कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों की पृथक–पृथक ली जाऐगी।
4. यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ (MULTIPLE CHOICE) आधारित होगी। इस परीक्षा में राजस्थान सरकार के सरकारी विद्यालयों एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित मॉडल स्कूल सहित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक दोनों स्तर पर न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले चयनित प्रथम 50–50 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा कक्षा 11 एवं 12 तक रूपये 1250 / – प्रतिमाह तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्राप्त करने तक रूपये 2000 / – प्रतिमाह छात्रवृत्ति देय होगी। जिन परीक्षार्थियों का चयन छात्रवृत्ति हेतु राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा की कक्षा 10 स्तर पर हो जाएगा, उन्हें पुनः कक्षा 12 के स्तर की उक्त परीक्षा में प्रविष्ट होने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें स्नातकोत्तर तक नियमित अध्ययन करने पर ही छात्रवृत्ति देय होगी। चयनित विद्यार्थी यदि पूर्व में अन्य कोई छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहा है, तो वह केवल एक ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होगा। उक्त परीक्षा में कक्षा 10 वीं स्तर तथा 12 वीं स्तर की राज्य स्तरीय योग्यता सूची में प्रथम 20–20 चयनित विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एकमुश्त राशि 4,000 / – रू तथा शेष 19 विद्यार्थियों को एकमुश्त राशि 2,000 / – रू. प्रोत्साहन स्वरूप देय होगें। केवल राजस्थान बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय एवं गैर राजकीय विधालयों के कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं के परीक्षार्थियों को परीक्षा की योग्यता सूची में पृथक–पृथक प्रथम 20–20 चयनित परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 4000 / – एवं शेष 19 परीक्षार्थियों को 2000 / – की राशि एक मुश्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा देय होगी।
5. जिन परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है, उनको स्कॉलर सर्टिफिकेट तथा जिन परीक्षार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये है, उन परीक्षार्थियों को विशेष योग्यता प्रमाण–पत्र (DISTINCTION CERTIFICATE) भी दिया जायेगा।
6. परीक्षा का पाठ्यक्रम कक्षा 10 हेतु कक्षा 9 व 10 तथा कक्षा 12 हेतु कक्षा 11 व 12 के एन.सी.ई.आर.टी. / माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर / केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के स्तर का होगा।
7. यह परीक्षा एक ही दिन में निरन्तर तीन सत्रों में ली जायेगी तथा प्रत्येक सत्र पश्चात् 15 मिनट का अन्तराल रहेगा। प्रथम सत्र में बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) जिसमें 50 प्रश्न होगें, जिन्हें 45 मिनट में हल करने होंगे। द्वितीय सत्र में भाषा योग्यता परीक्षा (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) जिसमें 40 प्रश्न होगें, जिन्हें 45 मिनट में हल करने होगें। तृतीय सत्र में शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) जिसमें 90 प्रश्न होगें, जिन्हें 90 मिनट में हल करने होगें। सभी प्रश्नों के लिये 1 अंक निर्धारित है। शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) में 90 प्रश्नों का विषयवार विभाजन इस प्रकार रहेगा :– भौतिक विज्ञान–25 प्रश्न, रसायन विज्ञान–25 प्रश्न, जीव विज्ञान–20 प्रश्न, गणित–20 प्रश्न तथा कक्षा 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये 90 प्रश्नों का विषयवार विभाजन इस प्रकार रहेगा :– भौतिक विज्ञान–30 प्रश्न, रसायन विज्ञान–30 प्रश्न, जीव विज्ञान / गणित–30 प्रश्न। कक्षा 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी गणित अथवा जीव विज्ञान में से एक प्रश्न पत्र ले सकेगें। योग्यता सूची में चयन तीनों ही प्रश्न–पत्रो में प्राप्तांकों के योग के आधार पर किया जायेगा। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग (NEGETIVE MARKING) का प्रावधान नहीं रखा गया है।
8. **प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होंगे।** परीक्षार्थी को इनमें से किसी भी माध्यम से उत्तर देने की स्वतंत्रता होगी। दृष्टिबाधित तथा लिखने में असक्षम परीक्षार्थियों को बोर्ड नियमानुसार श्रुतिलेखक तथा अतिरिक्त समय दिया जाएगा, जो कक्षा 9 का विद्यार्थी हो।

**आवेदन करने की तिथियाँ :–**

| परीक्षा शुल्क | विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने एवं चालान मुद्रण की अन्तिम तिथि | ई–मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि | विद्यालयों द्वारा बोर्ड को आवेदन पत्र की हॉर्ड कापी, परीक्षा शुल्क का ई–मित्र चालान, नामावली भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | 26.09.2016 | 27.09.2016 | 07.10.2016 |
| विलम्ब शुल्क सहित | 03.10.2016 | 04.10.2016 | |

**परीक्षा शुल्क :–**

| परीक्षार्थी की श्रेणी | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|
| (1) सामान्य | 200 / – | 250 / – |
| (2) अनु.जाति / अनु. जनजाति / बी.पी.एल. / दिव्यांग | 100 / – | 140 / – |

शारीरिक रूप से दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित प्रारूप में सक्षम चिकित्सा अधिकारी से प्रमाणित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क रूपये 20 / – प्रति परीक्षार्थी अलग से देय होगा।

**आवेदन की प्रक्रिया :–**

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी। सभी विधालयों को बोर्ड द्वारा वर्ष 2016 हेतु आवंटित Login ID तथा Password के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाए जाने है। अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय बोर्ड कार्यालय से Login ID तथा Password प्राप्त कर कार्यवाही करें। आवेदन पत्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट **http://rajeduboard.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् अप्रूव्ड आवेदन पत्र मय जमा शुल्क चालान की प्रतियाँ एवं सूची सहित अगले दिन स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भेजना अतिआवश्यक हैं। **परीक्षार्थियों द्वारा सीधे बोर्ड कार्यालय को भेजे गये आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

**बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर कार्यदिवसों पर कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है। फैक्स नं. 0145–2632869 है**

**–सचिव**